**खबर संक्षेप**

## दिन दहाड़े घर से तीन लाख के जेवरात उड़ाए

**करनाल।** सेक्टर-6 में चोरों ने दिन दहाड़े एक घर को अपना निशाना बनाया। चोर घर से तीन लाख की कीमत का सोने चांदी का सामान चोरी करके ले गए। मकान मालिक अपनी पत्नी के साथ काम पर गए हुए थे,लेकिन जैसे ही वे घर पहुंचे तो उन्हें अंदर से कुछ आहट आई। चोरों ने अलमारी खोली हुई थी। मकान मालिक को देख महिला पर ऊपर पेचकस से हमला कर चोर मौके से फरार होने लगे, लेकिन लोगों ने एक चोर को मौके पर ही काबू कर लिया, जबकि दूसरा मौके से फरार हो गया। घटना सीसीटीवी में भी कैद हुई है।अंदर का लॉक खुला हुआ था-मकान रवि ने बताया कि मैं और मेरे पति आरती अपने काम पर गए हुए थे। मैने आकर मेन गेट का ताला खोला, लेकिन जब दूसरे गेट पर आए तो ताला खुला हुआ मिला।

## दुकानदार से मोबाइल व नगदी छीनकर फरार

**तरावड़ी।** सोमवार रात तरावड़ी शहर के अंजनथली रोड पर अज्ञात युवकों ने एक दुकानदार के साथ मारपीट की ओर उससे नगदी छीनकर फरार हो गए। तरावड़ी थाना पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक शहर के अमीर चंद मंदिर के पास रहने वाला नन्द किशोर पुत्र चेतन दास की गांव अंजनथली में करियाने की दुकान है, वह रात को अपनी दुकान बंद करके अंजनथली रोड से तरावड़ी मोटरसाईकिल पर सवार होकर घर की तरफ आ रहा था। जैसे ही वह अंजनथली रोड पर नगर खेड़े के पास पहुंचा तो पीछे से दो अज्ञात युवकों ने उसका मुंह कपड़े से लपेट दिया और उसकी कमीज फाडते हुए उससे करीब 3 हजार की नकदी और जिओ कम्पनी का मोबाइल लेकर फरार हो गए। इसकी सूचना पुलिस को दी।

## ट्रैफिक नियमों के बारे में किया जागरुक

**कुरुक्षेत्र।** श्रीमद्भागवद गीता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में मां शारदा के समक्ष दीप -प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। पुलिस विभाग की ओर से वरिष्ठ अधिकारी जोगिंदर ने छात्रों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। उन्होंने बताया कि हमें अपने बाई तरफ चलना चाहिए तथा हमें ट्रेफिक लाइटों ,लाल बत्ती के बारे में बताया उन्होंने छात्रों को जागरुक करते हुए कहा कि उन्हें अपने परिवार को भी हेलमेट्र व सीट बैल्ट लगाने के लिए प्रेरित करना चाहिए।

## कुरुक्षेत्रः निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आज

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में केयू स्वास्थ्य केन्द्र व मेदान्ता अस्पताल, गुरुग्राम के संयुक्त तत्वावधान में केयू कर्मचारियों एवं आस-पास के लोगों के लिए केयू हेल्थ सेंटर में एक दिवसीय निःशुल्कशिविर का आयोजन किया जाएगा। केयू स्वास्थ्य केन्द्र के एडमिनिस्ट्रेटर व चिकित्सक डॉ. आशीष अनेजा ने बताया कि इसका समय प्रातः 10 से दोपहर 2 बजे तक होगा।

### सड़क सुरक्षा एवं नगर स्वच्छता उप समिति की बैठक आयोजित

# सिटीजंस ग्रीवेंसीज कमेटी ने निर्माण कार्यों में अनियमितता की रिपोर्ट दी

■ बैठक की अध्यक्षता सीजीसी चेयरपर्सन अंजु शर्मा ने की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

सिटीजंस ग्रीवेंसीज कमेटी की सड़क सुरक्षा एवं नगर स्वच्छता उप समिति की बैठक नगर निगम कार्यालय में निगमायुक्त के साथ हुई। बैठक की अध्यक्षता सीजीसी चेयरपर्सन अंजु शर्मा ने की। उप समिति के सलाहकार रमेश कपूर ने कहा कि मुगल कैनाल पर जो कार्य चल रहा है उसमें कई तरह की अनियमितताएं हैं, जिसकी रिपोर्ट निगमायुक्त को सौंपी गई। आयुक्त ने कहा कि इस के बारे में अधिकारियों को निर्देशित करेंगे। संरक्षक प्रमोद गुप्ता ने कहा कि



प्रोपर्टी टैक्स में अभी भी पुराने कई मामलों में टैक्स का समाधान नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि इसका परपोजल बनाकर उन्हें दिया जाए। सब्जीमंडी सड़क पर जहां पुल बनाने के लिए बेरीकेटस के आसपास कूड़ा इक्टठा हो रहा है वहां सफाई की व्यवस्था की जानी चाहिए।

### सड़कों पर फलैक्स हटाने को लेकर निर्देश

वाइस चेयरमैन केएल विरमानी ने कहा कि करनाल में कार वाशिंग सेंटर गाड़ी धोने के लिए बहुत सारा पानी खराब करते हैं, इस बाबत ठोस कदम उठाए जाने चाहिए। शहर में जब भी कोई रैली होती है तो सड़कों पर फलैक्स लगा दिए जाते हैं, इन्हें बाद में हटवा देना चाहिए। निगम आयुक्त ने कहा कि पहले आयोजकों को बोर्ड हटवाने के लिए कहा जाता है, अगर वह नहीं हटाते तो नगर निगम की ओर से हटा दिए जाते हैं। कोर्डिनेटर रजनीश चोपड़ा ने कहा कि रात को सड़कों पर नंदी वंश आ जाते हैं। निगम आयुक्त ने कहा कि उनके लिए अलग-अलग स्थानों पर व्यवस्था की जा रही है। बैठक में चेयरपर्सन अंजु शर्मा, महासचिव एसके शर्मा, संरक्षक प्रमोद गुप्ता, पूर्व चेयरमैन एसएम कुमार, उप समिति के प्रधान परमिंद्र पाल सिंह, वाइस चेयरमैन केएल विरमानी, सलाहकार रमेश कपूर, संदीप कपूर व कोर्डिनेटर रजनीश चोपड़ा मौजूद रहे।

फोटो। सीजी 1

# लायंस क्लब ने फलदार व औषधीय पौधे लगाए



हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

लायंस क्लब करनाल रॉयल की ओर से पर्यावरण संरक्षण में योगदान करते हुए गोगामाड़ी मंदिर में फलदार व औषधीय पौधे लगाए गए। कुल 50 पौधे रोपित किए गए। सभी ने प्रण लिया कि पौधों की देखभाल अपने बच्चों और मित्रों की तरह करेंगे। इस मौके पर प्रधान बलजीत सिंह सल्याण (एमजेएफ) ने कहा कि पौधे लगाने मात्र से हमारी जिम्मेवारी खत्म नहीं होती। उनकी देखभाल और रक्षा करना हमारा फर्ज है। यह सब जानते हैं कि पेड़ हमारे जीवन का आधार हैं। ऐसे में प्रकृति में संतुलन बनाए रखने के लिए पेड़ों के कटाव को रोकना और ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाना जरूरी है। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष जसविंद्र सिंह ने कहा कि अगले दो महीने में अलग-अलग स्थानों पर पौधे लगाए जाएंगे। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि पौधे लगाकर पर्यावरण संतुलन में योगदान दें। इस अवसर पर प्रधान बलजीत सिंह, सचिव संजीव कुमार, कोषाध्यक्ष जसविंद्र सिंह, सोम वोहरा, रवि शर्मा, चंदा सिंह, सोमनाथ, काला व पुजारी जगदीश आदि मौजूद रहे।

## संदिग्ध हालत में शव मिला, हत्या का आरोप

करनाल। सोमवार रात अटल पार्क के पास देर रात संदिग्ध हालत में एक युवक का शव बरामद हुआ है। मृतक परिवार का इकलौता बेटा था। मृतक युवक के पिता ने उसके दोस्तों पर ही हत्या करने के आरोप लगाए हैं, जबकि पुलिस का कहना है कि एक्सीडेंट में युवक की जान गई है।

■ घर से दोस्त का एक्सीडेंट हो गया यह बताकर गया था

मूल रूप से बिहार के रहने वाले मसूचंद साहनी ने बताया कि उसका 22 साल का बेटा श्याम सुंदर पिछले 6 महीने से हिमाचल के कुल्लू-मनाली में रह रहा था। दो दिन पहले ही घर पर आया था। शाम को दोस्तों के कई फोन आए, जो उसे बुला रहे थे। इसके बाद घर से यह कह कर गया कि उसके दोस्त का एक्सीडेंट हो गया है तो वहां जाकर आ रहा है। मसूचंद साहनी ने बताया कि, देर रात तक जब बेटा घर नहीं आया तो उसने उसके पास फोन किया। बेटे ने कहा कि वह 30 मिनट तक आ रहा है। रात 12 बजे एक व्यक्ति बाइक पर घर आया और बताया कि उसके बेटे का एक्सीडेंट हो गया। जब वह मौके पर पहुंचा तो उसके बेटे का शव खून से लथपथ पड़ा था।

# अनुसंधान के कार्य में तीव्रता व स्पष्टता लाने के आदेश

■ अपराधों की समीक्षा को लेकर गोष्ठी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

बीती शाम पुलिस अधीक्षक करनाल मोहित हाण्डा द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभागार में अपराधों की समीक्षा के लिए गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें उनके द्वारा सभी प्रबंधक थाना व चौंकी प्रभारीयों के कार्यो का आंकलन कर उन्हें अनुसंधान के कार्य में तीव्रता व स्पष्टता लाने के आदेश दिए गए। उन्होंनें पुलिस को आम जनता के लिए शुगम बनाने के लिए दिशा निर्देश दिए। उन्होंनें कहा कि सभी अपनी कार्यशैली को इस ढ़ंग से बनाए कि पब्लिक के कार्य में किसी प्रकार की कोई देरी न हो। पुलिस कप्तान द्वारा आने वाले दिनों में शुरू होने वाली कावड़ यात्रा के लिए सभी को निर्देश दिए गए कि क्षेत्र में कावड़ यात्रा के लिए यातायात व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था और शिविरों की व्यवस्था का जायजा लें। सरपंचों और शहरों में पार्षदों इत्यादी से मिटिंग कर कावड़ यात्रा में शमिल होने वाले श्रद्वालुओं को प्रशासन द्वारा उनके हितों के लिए जारी सभी निर्देशों से अवगत करवाएं और यात्रा में शामिल होने वाले श्रद्वालुओं की सूचि उनसे प्राप्त करें।



पुलिस अधीक्षक मोहित हाण्डा

### मामले की होगी जांच : डीसी अमित

मोहित हाण्डा ने कहा कि यदि किसी अधिकारी को किसी प्रकार के अपराध के संबंध में कोई सूचना प्राप्त होती है तो उस पर तत्परता से कार्य करें। उन्होंनें कहा कि अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए सभी अपने क्षेत्र में समय-समय पर गस्त व नाकाबंदी करें ताकि आमजन के मन में सुरक्षा की भावना पुख्ता हो और अपराधिक तत्वों में भय का माहौल बना रहे। इसके साथ ही उन्होंने नशा मुक्त करनाल अभियान में अपना योगदान देकर नशा तस्करों पर निरंतर कार्य करने के लिए निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यदि कोई शिकायतकर्ता थाना में शिकायत लेकर आता है तो अनुसंधान अधिकारी उसे तुरंत फोन कर जानकारी प्राप्त करे और मामला दर्ज कर कारईवाई शुरू करे।



## शिविर में 86 मरीजों का स्वास्थ्य जांचा

करनाल। मानव सेवा संघ में आंखों के फ्री इलाज के लिए समय-समय पर कैंप लगाए जाते हैं। इसी कड़ी में अरोड़ा आई अस्पताल सेक्टर सात के डा. संजीव अरोड़ा व उनकी टीम द्वारा मानव सेवा संघ के प्रांगण में विजिन ऑन व्हीलस वाहन लाकर लोगों की आंखों की जांच की गई। 86 मरीजों की जांच कर उन्हें परामर्श दिया गया। दवाइयां फ्री प्रदान की गई। मानव सेवा संघ के संचालक स्वामी प्रेममूर्ती ने उपस्थित डाक्टरों व मरीजों को आशीर्वाद दिया। उन्होंने कहा कि लोगों को स्वास्थ्य लाभ पहुंचाने के लिए समय-समय पर निशुल्क कैंप लगाए जाते हैं। इस अवसर पर हर्षदीप, विशाल, सुरेश जुनेजा व डा. भगतराम मौजूद रहे।

# मांगों को लेकर क्लर्कों का धरना जारी वेतन बढ़ाने की मांग पर अड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

क्लेरिकल एसोसिएशन वेलफेयर सोसाइटी की करनाल इकाई ने मंगलवार को दूसरे दिन भी जिला सचिवालय के सामने सांकेतिक धरना दिया। प्रदीप प्रजापति, हंस कुमार लिपिक, विकास लिपिक व अंकुश लिपिक धरने पर बैठे। इस मौके पर जिला प्रधान प्रदीप प्रजापति ने कहा कि लिपिक, आशुलिपिक व आंकड़ा लिपिक का वेतन 35 हजार 400, उपमंडल जूनियर स्केल स्टेनोग्राफर का वेतनमान 39 हजार 900, सहायक




लेखा लिपिक, सीनियर स्केल स्टेनोग्राफर, आंकड़ा सहायक का वेतनमान 44 हजार 900, उप अधीक्षक निजी सहायक का वेतनमान 47 हजार 600 व निजी सचिव डीआरए का वेतनमान 56 हजार 100 रुपए किया जाए। 15 अगस्त 2023 को पूर्व मुख्यमंत्री से हुए समझौते के तहत 42 दिन की हड़ताल अवधि के 35 दिन के समय को कार्य दिवस माना जाए। लिपिक व आशुलिपिक की न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता स्नातक की जाए तथा तकनीकी श्रेणी में आंका जाए। स्टॉफिङ्कग पॉलिसी दिसंबर 2021 के अनुसार विभागों की शाखा की सरंचना का निर्माण इस प्रकार से किया जाए कि प्रत्येक दो सहायकों के साथ एक लिपिक हो और प्रत्येक तीन सहायकों के लिए एक उप अक्षीक्षक हो।

# करनाल खेल रत्न पुरस्कार से रनवीर सम्मानित

■ राज्य टेनिस प्रतियोगिता में दिखाई अपनी प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

जिला टेनिस एसोसिएशन के बैनर तले राज्य टेनिस प्रतियोगिता का समापन हुआ जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री के ओएसडी संजय बठला ने शिरकत की। उन्होंने विजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी, नकद पुरस्कार, मैडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

पुरुष वर्ग फाइनल में पारस सन्धू ने प्रशांत परोचा को हराया। वूमैन सिंगल में अवनी ने भाविका को फाइनल में हराया। अंडर-18




ब्वायज प्रतियोगिता में रणबीर ने जसतेज को फाइनल में हराया तथा नीलमणि तथा यशप्रीत ब्रांज मैडलिस्ट रहे। अंडर-16 लडके प्रतियोगिता में रणबीर ने यशदीप को फाइनल में हराया व नीलमणि और यशप्रीत ब्रांज मैडलिस्ट रहे। अंडर-16 लड़कियां प्रतियोगिता में अवनी ने आशी कश्यप को हराया व अराध्या टंडन और वी साना शेष ने ब्रांज मैडल जीता। मुख्य अतिथि संजय बठला ने कहा कि आने वाले समय में करनाल को टेनिस हब के रूप में जाना जाएगा और प्रतिवर्ष एक बार जिला स्तरीय व एक बार राज्य स्तरीय प्रतियोगिता करवाई जाएगी जो कि इस बार भी हुई हैं। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए जिला सचिव टेनिस संघ जे.सी. बब्बर को लाईफ टाईम अचीवमैंट अवार्ड से सम्मानित किया गया। मंच का संचालन कुलजिन्द्र मोहन सिंह बाठ ने किया। इस अवसर पर संजय मदान, प्रवीन कुमार, समीर पाल, राहुल राणा को भी विशेष तौर पर सम्मानित किया।

# ताइक्वांडो चैंपियनशिप में हासिल किए 15 पदक

■ स्पर्धा में 11 गोल्ड मेडल 4 सिल्वर मेडल प्राप्त किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

एसके मार्शल आर्ट फाउंडेशन ऑफ़ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष मास्टर सतीश कुमार राणा की देख रेख में एसके मार्शल आर्ट अकादमी के 16 खिलाडियों ने 13 जुलाई 2024 को करनाल में आयोजित 36वीं जिला ताइक्वांडो चैंपियनशिप में भाग लेकर अपनी कला का जोरदार प्रदर्शन करके 15 मेडल हासिल



किए जिसमें 11 गोल्ड मेडल 4 सिल्वर मेडल प्राप्त किए। गोल्ड मेडल प्राप्त करने वाले खिलाड़ी मानवी, मनकीरत, हिमांशी, आरती, माहीका, पावनी, लीजा, आर्यन, सिद्धार्थ, मोक्ष, अनमोल और सिल्वर मेडल प्राप्त करने वाले खिलाड़ीजानवी, ओजस्वी, नैतिक, निष्ठा ने मेडल हासिल किए। इन खिलाडियों में से 11 गोल्ड मेडलिस्ट खिलाडियों का सलेक्शन हरियाणा स्टेट ताइक्वांडो चैंपियनशिप के लिए हो चुका है। अब यह खिलाड़ी हरियाणा स्टेट ताइक्वांडो चैंपियनशिप में अपनी कला का प्रदर्शन दिखाने के लिए जाएंगे। इसी खुशी के पल पर मास्टर सतीश कुमार राणा ने सभी खिलाडियों को मोटिवेट करते हुए व जीवन में आगे बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास करने की प्रेरणा दी और देश के लिए मेडल लाने के लिए प्रेरित किया और उन्हें आशीर्वाद देकर मनोबल बढ़ाया।

# गुरुओं के आशीर्वाद से जिम्मेदारी मिली

■ डेरा कारसेवा गुरुद्वारा में हरियाणा राज्य कर्मचारी चयन आयोग के सदस्य कपिल अत्रेजा को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

हरियाणा राज्य कर्मचारी चयन आयोग के सदस्य कपिल अत्रेजा को डेरा कार सेवा गुरुद्वारा में हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी तथा गुरुपर्व प्रबंधक कमेटी की और से सम्मानित किया गया। उन्हें देश के



जाने माने पंथ प्रचारक तथा डेरा कार सेवा प्रमुख जत्थेदार बाबा सुक्खा सिंह ने सिरौपा भेट कर सम्मानित किया। कपिल अत्रेजा ने गुरु के चरणों में शीश नवाया। इस अवसर पर कपिल अत्रेजा ने कहा कि उनके परिवार तथा उन पर गुरुओं की कृपा रही हैं।इसके कारण उन्हें इतनी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिली हैं।

वह अपने दायित्व का पालन पूरी ईमानदारी के साथ करेंगे। इस अवसर पर उन्हें सिरोपा भेंट कर एचएसजीपीसी के प्रधान जत्थेदार भूपिंदर सिंह असंध मीत प्रधान गुलाब सिंह गुरुपर्व प्रबंधक कमेटी के महासचिव जत्थेदार इंद्रपाल सिंह गुरपाल सिंह डोनी सरपंच जसपाल सिंह सहित संगत उपस्थित थे।

# लाल डोरे की सीमा में आने वाले मकानों की रजिस्ट्री करा सकेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

लाल डोरे की सीमा में आने वाली प्रॉपर्टी की अब लोग रजिस्ट्री करवा सकेंगे। प्रदेश सरकार द्वारा चलाई गई स्कीम के अनुसार जिस नगर पालिका में लाल डोरे मे प्रॉपर्टी है। उन मकान मालिकों के पास उसका मालिकाना रिकॉर्ड नहीं है। वह मकान मालिक नगर पालिका में जाकर उसकी प्रक्रिया पूरी करके रजिस्ट्री करवा सकते हैं। मंगलवार को नपा अध्यक्ष विरेन्द्र बंसल व नगर पालिका सचिव अजीत कुमार पार्षदों के साथ बैठक में बताया कि शहर में जिन लोगों के मकान लाल डोरे की सीमा में है और उनके पास उनके मकान की मालिकाना का कोई कागजात नहीं है। हरियाणा सरकार की स्कीम के द्वारा अब वह लोग अपने मकानो में जमीन की रजिस्ट्री करवा सकते हैं। उन्होंने बताया मकान के कागजात न होने के कारण उन लोगों को कोई बैंक से लोन नहीं मिल सकता था या अन्य सरकारी स्कीमों का लाभ नहीं ले सकते थे। जिससे परेशानी का सामना करना पड़ता था लेकिन अब वह लोग अपने मकान व जमीन की रजिस्ट्री करवा सकेंगे। इसके लिए मकान मालिक को पुराना 10 साल का मकान का बिजली का बिल, हाउस टैक्स की रसीद, पानी का बिल, वोटर कार्ड, नगर पालिका की असेसमेंट का रिकॉर्ड नगर पालिका में प्रस्तुत करना होगा और जिसको पांच सदस्य कमेटी रिकार्ड की जांच पड़ताल करके रजिस्ट्री करवाने के लिए नगरपालिका मंजूर करेगी।



नपा अध्यक्ष विरेंद्र बंसल व नगर पालिका सचिव अजीत कुमार पार्षदों के साथ बैठक में दी जानकारी

**खेल** एसएमएस मेमोरियल स्कूल की छात्रा ने बढ़ाया मान

स्पर्धा में विभिन्न विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने अपना दमखल दिखाया

# अक्षिता ने जीता गोल्ड, राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में चयनित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

एसएमएस मेमोरियल विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने ताइक्वांडो चैंपियनशिप में हिस्सा लिया और विद्यालय का नाम रोशन किया। ताइक्वांडो चैंपियनशिप का आयोजन हरियाणा राज्य ताइक्वांडो एसोसिएशन के तत्वावधान में 36 वीं करनाल जिला ताइक्वांडो चैंपियनशिप 2024 का आयोजन हुआ। जिसमें विभिन्न विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने अपना दमखल दिखाया। वहीं विद्यालय की अक्षिता ने गोल्ड मेडल हासिल कर के राज्य स्तरीय ताइक्वांडो में अपना नाम दर्ज करवाकर विद्यालय का मान भी बढ़ाया। अक्षिता ने अंडर 68 किलोग्राम वजन समूह में खेलते हुए




**तरावड़ी।** स्कूल प्रिंसीपल व स्टाफ ने अक्षिता को प्रोत्साहन पत्र देकर सम्मानित किया।

गोल्ड मेडल अपने नाम किया है। विद्यालय की ओर से सभी प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। विद्यालय की प्राचार्या डॉ विभा कौशिक ने सभी प्रतिभागी छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इस सफलता से न सिर्फ स्कूल बल्कि पूरे जिले का नाम रोशन हुआ है. उन्होंने कहा कि यह जीत दूसरे बच्चों के लिए भी प्रेरणादायी है। ताइक्वाडो खेल जितना अच्छा है उतना ही यह जरूरी भी है। हर किसी को यह खेल सीखना व खेलना चाहिए, खास तौर से लड़कियों को। यह उन्हें खेल में तो आगे बढ़ाता ही है साथ ही आत्मरक्षा के लिए भी तैयार करता है। इस जीत ने विद्यालय का नाम जिला स्तर पर ले जाने का काम किया है। उन्होंने छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के समापन पर प्रतिभागियों को मिठाई खिलाकर, प्रोत्साहन पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### खेलों से शारीरिक-मानसिक विकास होता

विद्यालय के प्रबंधक सरदार गुरशरण सिंह ग्रेवाल ने इस अवसर पर प्रतिभागी छात्र-छात्राओं और उनके परिजनों, प्रशिक्षु को शुभकामनाएं दी और छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा जिस प्रकार एक छात्र के जीवन में शिक्षा का बहुत अधिक महत्व होता है उसी प्रकार उसके जीवन में खेलों का भी उतना ही अधिक महत्व होता है। शिक्षा से हमें ज्ञान मिलता है हमारा मानसिक व बौद्धिक विकास होता है जबकि खेलों से हमारा शारीरिक और मानसिक विकास होता है। विद्यालय प्रशासन का हमेशा यह प्रयास रहा है कि छात्र-छात्राओं का शारीरिक मानसिक विकास हो।

## खबर संक्षेप

### टैंकर चोरी में तीन आरोपी पकड़े

**पानीपत।** एंटी व्हीकल थेप्ट पुलिस टीम ने मच्छरौली गांव के नजदीक जीटी रोड की सर्विस लेन पर खड़े एक्सीडेंटल टैंकर को चोरी करने वाले शातिर चोर व चोरीशुदा टैंकर खरीदने के आरोपी अमरजीत मान निवासी गांव बला जिला करनाल व नामिक निवासी वजीर नगर, कलायत व मोहन लाल निवासी बाटा, कैथल को गिरफ्तार किया है। एंटी व्हीकल थेप्ट इंचार्ज सब इंस्पेक्टर दीपक ने बताया कि टैंकर चोरी केस में थाना समालखा में उत्तर प्रदेश के जिला अलीगढ़ के गांव महुवा निवासी जगदीश पुत्र कन्ही सिंह की शिकायत पर केस दर्ज है।

### पुलिस ने कट्टे के साथ आरोपी पकड़ा

**पानीपत।** सीआईए श्री पुलिस टीम ने बलजीत नगर नाका पर सुभाष पुत्र अजब सिंह निवासी पिलखनी मैनपुरी, उत्तर प्रदेश हाल निवासी किरायेदार गंगाराम कालोनी, पानीपत को अवैध देसी पिस्तौल सहित गिरफ्तार किया। सीआईए श्री प्रभारी इंस्पेक्टर दीपक ने बताया कि आरोपी के खिलाफ थाना चांदनी बाग में आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है।

### पुलिस ने अपहरणकर्ता गिरफ्तार किया

**पानीपत।** सीआईए वन पुलिस टीम ने थाना पुराना औद्योगिक क्षेत्र में जेके स्कूल के पास गली से सोनू पुत्र कृष्ण निवासी बतरा कॉलोनी को अगवा कर गंभीर चोट मारने के मामले में विक्रम निवासी आर्य नगर, पानीपत को गिरफ्तार किया है। सब इंस्पेक्टर महिपाल सिंह ने बताया कि इस मामले में नामजद आरोपी विनोद, विशाल व गौतम को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। वहीं इस मामले में थाना पुराना औद्योगिक में केस दर्ज है।

### फर्जीवाड़े का आरोपी पकड़ा

**पानीपत।** हरियाणा भवन एंव सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड की कन्यादान योजना का अनुचित तरीके से लाभ लेने के लिए फर्जी दस्तावेज से पंजीकरण कर धोखाधड़ी करने मामले में थाना शहर पुलिस ने आरोपी जयचंद निवासी गांव उझा, जिला पानीपत को गिरफ्तार किया है। वहीं थाना शहर प्रभारी इंस्पेक्टर राजीबर सिंह ने बताया कि इस मामले में नामजद आरोपी अमित व महिला आरोपी सरोज व जगीता को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। इस मामले में औद्योगिक सुरक्षा एंव स्वास्थ्य सर्कल पानीपत एक व दो के सहायक निदेशक की शिकायत पर केस दर्ज है।

### पुलिस ने एक शराब तस्कर पकड़ा

**पानीपत।** थाना चांदनी बाग पुलिस ने निम्बरी से छाजपुर रोड पर दुकान में अवैध रूप से शराब बेच रहे I मेहर पुत्र रतिराम निवासी गांव निंबरी जिला पानीपत को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी के पास से तीन पेटी अवैध देसी शराब व एक पेटी बीयर बरामद की है। थाना चांदनी बाग प्रभारी इंस्पेक्टर राकेश शर्मा ने बताया कि आरोपी पर केस दर्ज किया गया है।

### डीईओ ने स्कूल में पौधे रोपे

**पानीपत।** शिक्षा रथ अभियान के अंतर्गत उग्राखेड़ी के राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का जिला शिक्षा अधिकारी राकेश बूरा ने दौरा किया और प्रिंसिपल महिपाल सिंह, प्रवक्ता सरिता मलिक, कुलदीप सिंह, रामतीर्थ, नवीन मलिक, जितेंद, हरविंदर, नरेंद्र, सुरजीत, आजाद सिंह, मुकेश बोस,जयदीप, बोधराज, हरिओम, कुलदीप सिंह व स्टाफ सदस्यों के साथ पौधे रोपे।

### भाजपाइयों ने बैठक की

**समालखा।** भारतीय जनता पार्टी के चुलकाना धाम मंडल की विस्तारित कार्यकारणी बैठक हुई। बैठक में पार्टी नेता भूषण नंबरदार, राजेंद्र छौक्कर, भाजपा अनुसूचित मोर्चा जिला अध्यक्ष रविंद्र तुषामद, भाजपा अनुसूचित मोर्चा जिला महामंत्री सुभाष कबीरपंथी, मंडल उपाध्यक्ष राजेंद्र देशवाल, जितेंद्र किवाना, सूरज मल गोस्वामी, मंडल सचिव सतपाल भारती, सतपाल त्यागी, अजीत इंदौरा आदि उपस्थित रहे।

## राजीव परुथी को बुके देकर सम्मानित किया

# चरित्रवान बनकर देश समाज की सेवा करें युवा

### आईसीएआई में पासआउट हुए चार्टर्ड अकाउंटेंट्स का मार्ग दर्शन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



**पानीपत।** आईसीएआई पानीपत चेप्टर अध्यक्ष सीएम जगदीश धमीजा, सीए भूपेंद्र दीक्षित, राजीव परूथी का स्वागत करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

पीसीसी एकेडमी के निदेशक राजीव परुथी ने दी इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट ऑफ इंडिया की पानीपत इकाई में सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि एवं मुख्य प्रवक्ता के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम में राजीव परुथी ने इंस्टिट्यूट के अध्यक्ष सीए जगदीश धमीजा आभार जताया। वहीं कार्यक्रम में चार्टर्ड अकाउंटेंट की परीक्षा पास करने वाले 131 विद्यार्थियों का राजीव ने मार्ग दर्शन किया। जबकि सीए जगदीश धमीजा ने राजीव परुथी को बुके देकर सम्मानित किया। चरित्रवान बन कर देश समाज की युवा सेवा करें। दूसरी ओर, राजीव ने अपने संबोधन में कहा कि सभी चार्टर्ड अकाउंटेंट को अपनी पर्सनालिटी की तरफ भी ध्यान देना चाहिए क्योंकि आपकी पर्सनालिटी आपका बोलचाल आपका व्यवहार तय करेगा आप कितने बड़े बिजनेसमैन के चार्टर्ड अकाउंटेंट बनते हैं कितनी बड़ी कंपनी आपको अपने यहां नौकरी देगी यह आपके ज्ञान के साथ-साथ आपका बोलचाल का तरीका बताएगा। उन्होंने कहा कि नवयुक्त चार्टर्ड अकाउंटेंट को अपने सीनियरों से कामकाज सिखना होगा, साथ ही अंग्रेजी भाषा का ज्ञान भी बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि बंद कमरे में पढ़कर परीक्षा देकर डिग्री तो हासिल की जा सकती है परंतु टैलेंट को हासिल करने के लिए कमरे से बाहर आपको निकलना पड़ेगा बड़ों का आदर सम्मान करना पड़ेगा, बिजनेसमैन बनने के लिए समाज के अंदर हो रहे उतार-चढ़ाव को समझना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि अच्छे चार्टर्ड अकाउंटेंट बनने के लिए देश में राजनीति किस मुद्दे पर काम कर रही है, अर्थव्यवस्था देश की कैसी है इस पर भी ध्यान देना पड़ेगा, कीमतें बढ़ती और घटती है, इन पर पूरी नजर रखनी पड़ेगी। राजीव के अनुसार अच्छा चार्टर एकाउंटेंट वही है जो सभी चीजों में अपडेट रहे। वहीं, सीए जगदीश धमीजा, सीए भूपेंद्र दीक्षित, सीएम आयुषी खन्ना, सीए रविंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# पानी व बिजली के लिए प्रदर्शन किया

- अशोक विहार में छह माह से बिजली व पानी की आपूर्ति बाधित, नगर निगम पर सुनवाई नहीं करने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



**पानीपत।** पानीपत के अशोक विहार के निवासी बिजली व पानी के लिए प्रदर्शन करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

पानीपत की आशोक विहार कालोनी में बिजली- पानी की समस्या को लेकर स्थानीय निवासियों ने मंगलवार को पानीपत प्रशासन के खिलाफ खाली बर्तन, बाल्टी, टब आदि लेकर प्रदर्शन किया है। प्रदर्शनकारियों का दावा है कि पिछले छह माह से कालोनी में पेयजल की आपूर्ति बाधित है, जबकि गर्मी शुरू होने से लेकर अब तक बिजली की आपूर्ति भी बाधित है। उन्होंने बताया कि महज एक या दो बाल्टी पानी से घर का सारा काम, खाना, नहाना करने को मजबूर हो रहे हैं। इस समस्या के बारे में वें नगर निगम में अनेकों बार जा चुके है। हर बार उन्हें एक नया आश्वासन देकर वहां से वापस ड्रोज दिया जाता है। लेकिन समस्या दिन-प्रतिदिन बढ़ती ही जा रही है। अब आलम ये है कि पानी के साथ-साथ यहां बिजली की समस्या भी व्यापक हो गई है। जिम्मेदार, अपनी जिम्मेदारी को नहीं समझ रहे। जिसका खामियाजा जनता भुगतने को मजबूर है। उन्होंने बताया कि जन स्वास्थ्य विभाग की ट्यूबवेल के ऑपरेटर भी उनके साथ अभ्रद व्यवहार करता है। पानी नहीं मिलने के कारण उन्हें दूसरी कालोनियों से पानी लाना पडता है। वहीं इस क्षेत्र का पूर्व पार्षद व नगर निगम उनकी पानी व बिजली की समस्या का हल नहीं करवा रहे है। हजारों लोग पानी व बिजली के लिए परेशान है।

## इनेलो-बसपा की सरकार बनेगी

- इनेलो-बसपा के कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित

**पानीपत।** इनेलो-बसपा के कार्यकर्ताओं की पानीपत ग्रामीण विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता बैठक बड़ौली स्थित अमन ढ़ाबे पर हुई। बैठक में इनेलो जिला ध्यक्ष हेमराज जागलान व बसपा नेता सरदार सुमेर सिंह, कुलदीप राठी शमशेर सिंह देशवाल, राजू नांदल, सरोज बाला गुर, पूर्व सरपंच कृष्ण भौक्कर, रणबीर मान, विजय कादियान, रविन्द्र राठी, महावीर नंबरदार, पृथ्वी कचरौली, नरेश कालरम, बलबीर जेई, सतबीर चंदौली, रतिराम रंगा, रामनिवास फूलिया ने भाग लिया और दावा किया कि प्रदेश में अगली सरकार इनेलो व बसपा गठबंधन की बनेगी।

# श्रद्धालु मां शाकुंभरी देवी के लिए हुए रवाना



**पानीपत।** मां शाकुंभरी देवी की धार्मिक यात्रा के लिए एकत्र हुए श्रद्धालु।

- धर्म स्थलों की यात्रा करने से तनाव मुक्त होता है इंसान : विनोद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

मां वैष्णो देवी युवा मंडल द्वारा बरसत रोड स्थित सचदेवा गार्डन से मां शाकुंभरी देवी यात्रा की बस को मुख्य अतिथि हरियाणा पत्रकार संघ के अध्यक्ष विनोद पांचाल एवं पानीपत ग्रामीण हलके के कांग्रेस वरिष्ठ नेता महीपाल सूबेदार व समाज सेवी रामपाल नंबरदार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिसमें श्रद्धालु बैठकर मां शाकुंभरी देवी के लिए रवाना हुए। मुख्य अतिथियों ने कहा कि मां शाकुंभरी देवी के दर्शन करना पुण्य का कार्य है। मां सबकी मुराद पूरी करती है। मंडल समय-समय पर ऐसे धार्मिक आयोजन करता रहता है। वहीं मंडल के प्रधान आशु पांचाल में बताया कि बस हर महीने के रविवार को फ्री जाएगी। यात्रा में जाने वालों में मां वैष्णो देवी युवा मंडल के प्रधान आशु पांचाल, मोनू कामरा, नीरज पांचाल, मोहन लाल पत्रकार, सुभाष पांचाल, विपिन कुमार, जितेंद्र कलसी, रविंद्र कुमार, सुनील वर्मा एडवोकेट, राजेश जांगड़ा व विनय कुमार आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे।

## बिरला मंदिर को किसी भी कीमत पर नहीं बिकने दिया जाएगा : नरेंद्र



कुरुक्षेत्र। बिरला मंदिर को बचाने के लिए बैठक करते प्रतिनिधि , पूर्व पार्षद और गणमान्य।

हरिभूमि न्यूज. कुरुक्षेत्र।

कुरुक्षेत्र के प्राचीन धार्मिक स्थल बिरला मंदिर को बचाने के लिए नगर की सामाजिक, धार्मिक संस्थाओं और गणमान्य लोगों की बैठक मंगलवार को अखिल भारतीय सारस्वत ब्राह्मण सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व पार्षद नरेंद्र शर्मा निंदी की अध्यक्षता में सारस्वत धर्मशाला में हुई। इस बैठक में समाजसेवी अशोक शर्मा पहलवान द्वारा बिरला मंदिर को बिकने से बचाने के लिए छेड़ी गई मुहिम का समर्थन किया गया। सभी संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया कि बिरला मंदिर को किसी भी कीमत पर बिकने नहीं दिया जाएगा।

### ये रहे मौजूद

बैठक में श्रीब्राह्मण एवं तीर्थोद्धार सभा के प्रधान महासचिव रामपाल शर्मा, इंप्रूवमेंट ट्रस्ट के पूर्व चेयरमैन जेलेश शर्मा, मुल्तान सभा के पूर्व प्रधान एवं पूर्व पार्षद विवेक मेहता विक्की, पूर्व पार्षद मनु जैन, पूर्व पार्षद ओम प्रकाश ओपी, पूर्व पार्षद पंकज चोचड़ा, पूर्व पार्षद नरेंद्र राजू चौहान, पूर्व पार्षद गौरव शर्मा गोरी, पूर्व पार्षद अमित गर्ग शैंकी, रोड समाज के नेता एवं प्रदेश कांग्रेस के पूर्व संगठन सचिव सुभाष पाली, रमेश शर्मा पाई, प्रेमजीत शर्मा पाई, राजेंद्र शर्मा, जोगना खेड़ा उपस्थित रहे।

### हर व्यक्ति को पौधरोपण कर लेना होगा देखभाल का संकल्प



**कुरुक्षेत्र।** पौधरोपण करते एसोसिएशन के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

**कुरुक्षेत्र।** लॉटस ग्रीन सिटी सेक्टर-9 वेलफेयर एसोसिएशन के प्रधान सुखविंद्र सिंह ने कहा कि पौधारोपण कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कुरुक्षेत्र के प्रत्येक नागरिक को पौधा लगाना होगा। इस पौधारोपण अभियान के साथ आमजन को जोड़ने का प्रयास जिला प्रशासन की तरफ से किया जा रहा है। अहम पहलू यह है कि कुरुक्षेत्र के नागरिकों को संकल्प लेकर पौधा रोपण करना होगा। अहम पहलू यह है कि एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत लोटस पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सीनियर सिटीजन गुरदेव कौर, गुरबचन कौर, हरजिंद्र, अमनदीप कौर, रजनी, सुखदीप सिंह, एडवोकेट अमन, डा. नरेंद्र सिंह द्वारा पौधारोपण किया गया। प्रधान सुखविंद्र सिंह ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम के तहत कुरुक्षेत्र को ग्रीन जिला बनाने का जो लक्ष्य निर्धारित किया है।

# पानीपत में पर्यावरण को घना करने में सहयोग दे जनता

- समाधान शिविर में आई 322 शिकायतों में 177 का समाधान किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



**पानीपत।** पानीपत में समाधान शिविर में जन सुनवाई करते हुए उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक।

समाधान शिविर में प्रशासनिक अधिकारियों की बढ़ती रूचि का लाभ शिकायतकर्ताओं को प्रत्यक्ष रूप से मिल रहा है। यह दावा उपायुक्त डॉ.वीरेंद्र दहिया ने करते हुए कहा कि जब तक लोगों की समस्याओं का समाधान नहीं होता वे इस मंच के माध्यम से आम नागरिक की समस्याओं के समाधान के लिए प्रयास करते रहेंगे। उपायुक्त ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण भी एक चुनौती है। इसे स्वीकार करते हुए हमें एक पेड़ मां के नाम जरूर लगाना चाहिए। केन्द्र सरकार की एक पेड़ मां के नाम नामक योजना के तहत अब तक स्कूल, कॉलेजों के अलावा आम जन के माध्यम से भी पौधरोपण किया जा रहा है। जिला सचिवालय में पहुंचने वाले शिकायतकर्ताओं को पहले जो पौधे दिए जाते थे उसकी संख्या में अब बढ़ोतरी की जा रही है। पहले इनकी संख्या 300 निर्धारित की गई थी लेकिन लोगों की रूचि व मांग को देखते हुए प्रशासन ने पौधो की संख्या में बढ़ोतरी कर दी है।

वहीं, समाधान शिविर में पहुंची 322 समस्याएं, 177 का हुआ मौके पर समाधान कर दिया गया। उन्होंने कहा कि वे शिकायतकर्ता जिन्होंने आईटीआर फाइल किया हुआ है उनकी फैमली आईडी में इनकम आगामी छह महीने तक कम नहीं होगी। इस पर सरकार सकारात्मक रूप से विचार कर रही है।

## केयू स्वास्थ्य केन्द्र में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आज

कुरुक्षेत्र। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में बुधवार को केयू स्वास्थ्य केन्द्र व मेदान्ता अस्पताल, गुरुग्राम के संयुक्त तत्वावधान में केयू कर्मचारियों एवं आस-पास के लोगों के लिए केयू हेल्थ सेंटर में एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए केयू स्वास्थ्य केन्द्र के एडमिनिस्ट्रेटर व चिकित्सक डॉ. आशीष अनेजा ने बताया कि इस स्वास्थ्य जांच शिविर का समय प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक होगा। उन्होंने बताया कि मेदान्ता अस्पताल, गुरुग्राम की ओर से आने वाली स्वास्थ्य जांच विशेषज्ञों की टीम द्वारा शिविर में आने वाले लोगों के स्वास्थ्य की जाएगी।

# बिजली कर्मचारियों ने प्रदर्शन कर धरना दिया

- उपभोक्ताओं को बिजली सुचारू रूप से देने की मांग की नहीं तो आंदोलन को तेज होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत




**पानीपत।** बिजली निगम की मतलौडा सब डिवीजन पर प्रदर्शन करते हुए कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर्स यूनियन ने बिजली निगम की मतलौडा सब डिवीजन के एसडीओ के खिलाफ कर्मचारियों ने अपनी मांगों के समर्थन में प्रदर्शन कर धरना दिया। वहीं आंदोलन की अध्यक्षता सब यूनिट प्रधान सुरेंद्र शर्मा ने की और मंच का संचालन यूनिट सचिव शिवकुमार ने किया। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए उप प्रधान संजय सैनी ने कहा को कर्मचारी समस्याओं का एक एजेंडा एसडीओ को अप्रैल महीने में दिया था और उसमें अपील की थी की सीजन से पहले कर्मचारियों की इन मांगों को पूरा कर दिया जाए ताकि उपभोक्ताओं को कर्मचारी बिजली सुचारू रूप से सुनिश्चित कर सकें। लेकिन इन सब बातों को नजरंदाज करते हुए उल्टा एसडीओ मतलोड़ा ने कर्मचारियों को प्रताड़ित करना शुरू कर दिया और बीच सीजन के समय कर्मचारियों की बदली करनी शुरू कर दी। यूनिट प्रधान राकेश शर्मा ने कहा कि सभी यूनिट द्वारा दिया गया मांग पत्र पर यूनियन से जल्द मीटिंग बुलाकर इनका पूरा कर दिया जाए ताकि उपभोक्ताओं को बिजली सुचारू रूप से दी जा सके वरना यूनियन आंदोलन को तेज करेगी। मीटिंग में सर्कल सचिव सत्येंद्र पूनिया, सुरेंद्र शर्मा, संदीप, विकास आदि कर्मचारी नेताओं ने भी कर्मचारियों को संबोधित किया।

## आज के समय एमर्जिंग टेक्नॉलोजी की सबसे ज्यादा डिमांड

# नई तकनीक को सीखकर आगे बढ़ें विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा




**समालखा।** पाइट में अतिथियों का स्वागत करते हुए वाइस चेयरमैन राकेश तायल आदि। फोटो :हरिभूमि

डीआरडीओ नई दिल्ली के निदेशक डॉ.रविंद्र सिंह ने कहा कि हमें नई तकनीक को हमेशा सीखते रहना होगा। समय के साथ खुद में बदलाव करना होगा। अगर नई तकनीक के साथ कदमताल नहीं करेंगे तो पिछड़ जाएंगे। आर्टिफिशल इंटेलीजेंस यानी एआइ ने कंप्यूटर जगत में क्रांति ला दी है। भारत के पास आगे निकलने का अवसर है। डॉ.रविंद्र सिंह यहां पाइट कॉलेज में पांच दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम के शुभारंभ पर बोल रहे थे। डॉ. सिंह ने कहा कि आज के समय एमर्जिंग टेक्नॉलोजी की सबसे ज्यादा डिमांड है। बच्चों के साथ शिक्षकों को भी आगे रहना होगा। आइटी के क्षेत्र में भारत का दुनिया में नाम है। उसकी वजह है कि भारतीय आइटी क्षेत्र में बेहतर कर रहे हैं। डीआरडीओ में आइटी के माध्यम से काफी काम आसान हो गए हैं। हम दुनिया को भी राह दिखा सकते हैं। एशिया पैसिफिक ब्राडकास्टिंग यूनियन के वाइस प्रेजिडेंट एवं आइटीई के प्रेसीडेंट सुनील ने साइबर सिक्योरिटी और एआइ पर अपने विचार रखे। एफडीपी की स्पॉन्सर कंपनी इनोव इंटलेक्ट्स की संस्थापक पूजा कुमारी ने रचनात्मकता पर जोर दिया। कन्वीनर डॉ.बीके वर्मा ने बताया कि कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग और आर्टिफिशल इंटेलीजेंस एवं डाटा साइंस विभाग की ओर से पांच दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम किया जा रहा है। मॉडर्न डाटा साइंस, मशीन लर्निंग और साइबर सिक्योरिटी स्ट्रैटजी इसके विषय हैं। इस अवसर पर चेयरमैन हरिओम तायल, सचिव सुरेश तायल, वाइस चेयरमैन राकेश तायल, बोर्ड सदस्य शुभम तायल, निदेशक डॉ.जेएस सैनी, एप्लाइड साइंस विभाग की अध्यक्ष डॉ. विनय खत्री, टेक्सटाइल विभाग के अध्यक्ष डॉ. एसके धमीजा आदि उपस्थित रहे।

# एनएचएम कर्मचारी 24 जुलाई से करेंगे हड़ताल

हरिभूमि न्यूज. कुरुक्षेत्र।

स्वास्थ्य कर्मचारी संघ संबंधित भारतीय मजदूर संघ की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक आयोजित की गई। अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष विपिन कुमार द्वारा की गई। भारतीय मजदूर संघ की तरफ से सोहन लाल गुप्ता सह क्षेत्रीय संगठन मंत्री का मार्गदर्शन रहा। प्रदेश कोषाध्यक्ष पंकज आत्रेय ने बताया कि पिछले कार्यकारिणी की बैठक 17 जून को जिला जींद में की गई थी और निर्णय लिया गया था कि 24 जून को पूरे हरियाणा के एनएचएम कर्मचारियों ब्लैक रिबन लगाकर अपना रोष प्रकट करेंगे। 2 जुलाई को सिविल सर्जन को मुख्य सचिव स्वास्थ्य विभाग हरियाणा के नाम ज्ञापन दिया गया था। 5 जुलाई से 12 जुलाई तक सभी भाजपा के जिला अध्यक्षों व एमएलए को ज्ञापन सौंपे गए। इस निर्णय अनुसार सरकार को यह चेताया गया था कि अगर 14 जुलाई तक कर्मचारियों की मांगों का समाधान नहीं किया जाता है तो कर्मचारी आंदोलन के लिए विवश होंगे। सभी जिलों की सहमति से निर्णय लिया गया है कि अगर सरकार 23 जुलाई तक मांगों को पूरा नहीं करती है तो 24 जुलाई से 3 दिन की सांकेतिक हड़ताल करेंगे।

### ये रहे मौजूद

बैठक में विकास, लोकेश, हरदीप, बबीता, सुमन, हरकेश, नितेश, अमित शर्मा, पवन, देवी राम, सुरेंद्र कुमार, परमजीत, दिनेश कौशिक, शिवकुमार शर्मा, विक्रम सोनी, सतपाल, गोपाल शर्मा, आशीष शर्मा, नसीब ढांडा, जगत बिसला, बुधराम, नरेश, अनिल कुमार, रोहित, डॉक्टर पुष्पेंद्र, सुरेंद्र, राजेश अलेवा, गौरव सहगल, आदि कर्मचारी उपस्थित रहे।

### कांग्रेसियों के बीच हुई बैठक

**पानीपत।** हरियाणा कांग्रेस द्वारा शुरू की गई हरियाणा मांगे हिसाब पदयात्रा बुधवार को पानीपत ग्रामीण विधासभा में पहुंचेगी। इस कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर कांग्रेसियों के बीच बैठक हुई। बैठक में पूर्व मेयर सुरेश वर्मा, विजय जैन, सचिन कुंडू, सुरेंद्र कादियान, महेंद्र कादियान, धर्मबीर मलिक, धर्मेंद्र अहलावत, दीपक खटकड़, रमेश मलिक, पूर्व मंत्री बिजेंद्र कदियान, शौर्यवीर कादियान, महीपाल सूबेदार, बिंटू मलिक, खुशीराम जागलान, जगदेव मलिक, संदीप भारद्वाज, प्रियांश मलिक, तेजबीर जागलान, सुरेश वर्मा, बिजेंद्र कुटानी, जितेंद्र अहलावत व यशपाल अहलावत आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### योजनाओं का प्रचार किया

**पानीपत।** विशेष प्रचार अभियान के तहत सूचना जनसम्पर्क एवं भाषा विभाग की भजन पार्टियों द्वारा गांव मच्छरौली व चंदौली में कार्यक्रम आयोजित कर भजन पार्टी द्वारा गीतों के माध्यम से सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। यह जानकारी डीआईपीआरओ कुलदीप सिंह बांगड़ ने दी।

